समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# भादरा के विवेकानंद हॉस्पिटल को 7 लाख रुपये की बड़ी सौगात, लुहारीवाला परिवार ने गाइनो ओटी के लिए दिया सहयोग

राजेश चौधरी

Published on 15 Jun 2026



भादरा स्थित विवेकानंद हॉस्पिटल को स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा समिति को गाइनो ओटी (स्त्री रोग ऑपरेशन थिएटर) के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 7 लाख रुपये का उदार आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है।

यह सहयोग श्रीमती गायत्री देवी लुहारीवाला, धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री इन्दरचंद जी लुहारीवाला, उनके पुत्र श्री संदीप बंसल (लुहारीवाला), पौत्र श्री आदित्य बंसल (चार्टर्ड अकाउंटेंट) तथा श्री अविनाश बंसल (इंजीनियर) द्वारा प्रदान किया गया। वर्तमान में यह परिवार दिल्ली में निवास करता है, जबकि उनका मूल संबंध भादरा से रहा है।

समिति के अनुसार, इस सेवाभावी कार्य को प्रेरित करने और इसे सफल बनाने में श्री अशोक जी लुहारीवाला तथा विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री नंदलाल जी लुहारीवाला की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके प्रयासों से यह सहयोग अस्पताल तक पहुंच सका, जिससे क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा समिति के चेयरमैन श्री विकास श्रॉफ ने दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह योगदान न केवल अस्पताल के विकास में सहायक होगा, बल्कि जरूरतमंद मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

श्री विकास श्रॉफ ने कहा कि समिति परिवार दानदाताओं और सहयोगकर्ताओं के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता है तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि समाज के अन्य लोग भी इस प्रकार की सेवाभावी पहल से प्रेरित होकर जनकल्याण के कार्यों में अपना योगदान देंगे।

गौरतलब है कि विवेकानंद हॉस्पिटल भादरा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और समय-समय पर समाज के सहयोग से चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गाइनो ओटी के लिए प्राप्त यह सहयोग महिलाओं के स्वास्थ्य उपचार और सर्जिकल सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.